# डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय

(राज्य विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश)

डॉ. अम्बेडकर नगर (महू)-453441 जि.- इंदौर (म. प्र.)


क्रमांक / ब्राउस / कु.स. / तृ.दी.स. / अधि. / 2021 / 1429 — दिनांक 19 / 1 / 2021

## तृतीय दीक्षांत समारोह अधिसूचना

1.0 सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू), मध्य प्रदेश के तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन दिनांक 19.02.2021 को प्रातः 11.00 बजे किया जा रहा है जिसमें अकादमिक वर्ष 2016–17, 2017–18, 2018-2019 तथा 2019-2020 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधियॉ प्रदान की जाएगी।

2.0 तृतीय दीक्षांत समारोह में उपाधि की पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों से आग्रह है कि दीक्षांत कार्यक्रम में उपस्थित होवें । दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने के लिए सभी संबंधित विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://brauss.in पर उपलब्ध आवेदन प्रपत्र दिनांक 20 जनवरी, 2021 से डाउनलोड कर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय में पंजीयन शुल्क एवं आवश्यक प्रपत्र सहित दिनांक 6 फरवरी, 2021 (शनिवार) तक जमा करें।

3.0 समस्त पात्र उपाधि प्राप्तकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीक्षांत समारोह के दिन (शुक्रवार) दिनांक 19 / 02 / 2021 को कार्यक्रम स्थल पर प्रातः 09:00 बजे पहुँचकर थर्मल स्कैनिंग, सेनिटाइजेशन सहित सभी आवश्यक सुरक्षा जाँच के बाद दीक्षांत सभागार में निर्धारित सीट पर कार्यक्रम प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व स्थान ग्रहण करें।

4.0 दीक्षांत समारोह के पूर्व ब्राउस परिसर में पूर्वाभ्यास (Rehearsal) किया जाएगा जिसकी सूचना उपाधिधारकों को पृथक से दी जायेगी। सभी प्रतिभागियों से आग्रह है कि वे दीक्षांत हेतु निर्धारित वेषभूषा के लिए निर्धारित कॉशन मनी रू. 750 / – (सात सौ पचास मात्र) देकर प्राप्त कर लें। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दिये गए विवरण अनुसार कार्यक्रम संपन्न होने के उपरांत दीक्षांत वेषभूषा वापस कर जमा राशि वापस प्राप्त कर सकते हैं।

(अजय वर्मा)
कुलसचिव

पृ.क. / ब्राउस / कु.स. / तृ.दी.स. / अधि. / 2021 / 1430 — दिनांक 19 / 1 / 2021

प्रतिलिपि:-

1. सचिव, राजभवन, भोपाल को महामहिम राज्यपाल, म.प्र. एवं कुलाधिपति, ब्राउस कृपया सूचनार्थ ।
2. कुलपति महोदया, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर की ओर सूचनार्थ ।
3. सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ ।
4. दीक्षांत समारोह संयोजक प्रो. डी.के. वर्मा की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. शासी निकाय, कार्यपरिषद, विद्या परिषद ब्राउस के सभी गणमान्य सदस्यों के सूचनार्थ।
6. निदेशक, ब्राउस की ओर सूचनार्थ।
7. समस्त डीन, ब्राउस की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु
8. परीक्षा नियंत्रक, ब्राउस की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु
9. वित्तनियंत्रक, ब्राउस की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु
10. समस्त विभागाध्यक्ष, ब्राउस की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु
11. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए आईटी सेल, ब्राउस
12. समस्त अधिकारी/संकाय सदस्य/कर्मचारी/विद्यार्थी/अभिभावक/ समस्त विभाग/ संबंधित सभी सेल ब्राउस की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
13. समाचार संपादक, एआईआर/डीडी/सोशल मीडिया को समाचार के रूप में प्रसारण किए जाने की अपेक्षा के साथ।
14. सभी समाचार पत्रों के संपादकों को कार्यक्रम संबंधी समाचार के रूप में प्रकशित किए जाने की अपेक्षा के साथ।
15. स्थानीय प्रशासन, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) की ओर सूचनार्थ।

कुलसचिव